BCM School Dugri Ludhiana

Class -5

विषय- हिंदी (कार्य पत्रिका-उत्तर पुस्तिका)

*सही विकल्प चुनों-

1. काल कितने प्रकार के होते हैं?
   तीन
2. जो संज्ञा या सर्वनाम के गुण ,दोष ,रंग- रूप ,आकार का बोध कराते हैं, उन्हें क्या कहते हैं?
   गुणवाचक विशेषण
3. जिस क्रिया में कर्म नहीं होता उसे क्या कहते हैं?
   अकर्मक क्रिया
4. साँप का पर्यायवाची है-
   नाग
5. वीर का विलोम है-
   कायर
6. जो कम बोलता है वह....... होता है?
   अल्पभाषी

*अर्थ लिखकर वाक्य बनाओ-यज्ञ -हवन-कल हमारे स्कूल में यज्ञ था।, यत्न -कोशिश-हमें यत्न करते रहना चाहिए।

*निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो शब्दों में दो-

1. लेखक के मित्र का नाम लिखो?
   तिवारी लक्ष्मी नारायण
2. चिड़िया अपनी चोंच में क्या भर कर ले जाना चाहती है?
   मिट्टी
3. राजा की बीमारी का क्या कारण था?
   श्रम का अभाव
4. संन्यासी ने महामंत्री से कितने गड्ढे खोदने के लिए कहा?
   एक सौ एक

*मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य बनाओ-

कमर टूटना-हिम्मत खत्म होना-सुबह से शाम तक काम करते-करते मेरी कमर टूट गई।

*किसने किससे कहा-

1.हो तो गया दान।
   संन्यासी ने राजा से
2. हमने निरुत्तर होकर आँखें बंद कर ली।
   लेखक ने पत्नी से

*रिक्त स्थान भरो-

1. दुनिया लाख बुरी है, मगर फिर भी भले आदमियों से खाली नहीं है।
2. धन संपत्ति से सब कुछ खरीदा जा सकता है, किन्तु स्वास्थ्य नहीं।

*विलोम शब्द-जीवन-मृत्यु, दिन-रात

*अनेकार्थी शब्द-लाल-रंग/पुत्र

*विशेषण छाँटकर भेद लिखो-

1. नीम का स्वाद (कड़वा) होता है।-गुणवाचक विशेषण
2. मुझे(दो लीटर) तेल चाहिए।-परिमाणवाचक विशेषण

*क्रिया छाँट कर भेद लिखो-

1. बच्चे (खेल रहे हैं।)-अकर्मक क्रिया
2. अनु पुस्तक (पढ़ रही है।)-सकर्मक क्रिया

*निम्नलिखित अपठित गद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दो-

हमारे जीवन में पुस्तकों का एक महत्वपूर्ण स्थान है। पुस्तक प्रेरणा का स्रोत हैं। पंडित जवाहरलाल नेहरू का कहना था कि उन्हें रॉबर्ट फ्रॉस्ट की काव्य पंक्तियों ने निरंतर कर्म करने की प्रेरणा प्रदान की। पुस्तकों के

माध्यम से ही एक पीढ़ी का ज्ञान दूसरी पीढ़ी तक पहुँचता है। विज्ञान, तकनीक एवं सभ्यता तथा संस्कृति के प्रचार प्रसार में पुस्तकों का अमूल्य योगदान रहा है।तुलसीदास रचित राम चरित्र मानस तथा वेदव्यास रचित महाभारत ने जन-जन के भीतर प्राचीन परंपराओं आदर्शों तथा मूल्यों को स्थापित किया है। किसी ने ठीक ही कहा है-" पुस्तक जागृत देवता हैं, इनकी सेवा करके तत्काल वरदान प्राप्त किया जा सकता है।"

1. किसकी काव्य पंक्तियों ने पंडित नेहरू को प्रेरणा प्रदान की?
   रॉबर्ट फ्रॉस्ट
2. रामचरितमानस किसकी रचना है-
   तुलसीदास
3. पुस्तक का पर्यायवाची शब्द है-
   किताब
4. इस अनुच्छेद का एक उपयुक्त शीर्षक दीजिए-
   पुस्तकों का महत्व